

एक नजर में

## मीडिया प्रभारी की नियुक्ति



**धार निप.** नरेंद्र मोदी विचार मंच मुख्य शाखा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय रवि चाणक्य जी की अनुसंसा पर राष्टीय महामंत्री संगठन प्रदेश प्रभारी की सहमति एवं प्रदेश कोर कमेटी के निर्णय से प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार सांखला एवं प्रदेश मुख्य महामंत्री हिम्मत जी परिहार प्रांतीय अध्यक्ष आशीष विश्वकर्मा की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष मुकेश जी निगम द्वारा पारस जैन गंगवाल को नरेंद्र मोदी विचार मंच मुख्य शाखा में सह मीडिया प्रभारी धार जिला के पद पर नियुक्त किया जाता है हमें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि आप तन मन धन और जीवन से हम सबके प्राणप्रिय भारत में पूर्ण निर्माण में प्रमाणिकता ओर पारदर्शी पूर्ण कार्य करेंगे आपके द्वारा किया गया कार्य निश्चित रूप से हम सब का स्वप्न परम वैभव भारत को पूर्ण करेगा संगठन में आपका स्वागत है और हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं जानकारी जिला महामंत्री प्रवीण टांक ने दी

## राजगढ़ की कृषि उपज मंडी में जारी भारतीय किसान यूनियन टिकैत का धरना प्रदर्शन



**राजगढ़।** कृषि उपज मंडी में परिसर में भारतीय किसान यूनियन ;टिकैतद्ध द्वारा सरकार के जमीन अधिग्रहण कानून वापस लिए जाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर 8 दिनों से धरना प्रदर्शन जारी है। धरने के 8 वें दिन आज बुधवार को सरदारपुर एसडीएम आशा परमार तथा राजगढ़ थाना प्रभारी दीपक सिंह चौहान धरना स्थल पर पहुंचे। तथा धरना प्रदर्शन कर रहे जिलाध्यक्ष राकेश सोलंकी सहित यूनियन के पदाधिकारियों से चर्चा की। दरअलस भारतीय किसान यूनियन ;टिकैतद्ध द्वारा जमीन अधिग्रहण कानून वापस लिए जानेए जिला सहकारी बैंको की ऋण राशि जमा करवाने की अवधि बढ़ाई जानेए प्रदेश की सभी अनाज मंडियों में 2 तौल काटे किए जाने एवं भारतीय किसान यूनियन ;टिकैतद्ध द्वारा पूर्व में दिए गए मांगो के ज्ञापन के निराकरण किए जाने की मांग को लेकर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसमे प्रतिदिन दिन धार जिले से विभिन्न स्थानों से यूनियन के पदाधिकारी तथा किसान शामिल हो रहें हैं। भारतीय किसान यूनियन ;टिकैतद्ध के धार जिलाध्यक्ष राकेश सोलंकी ने बताया कि धरना प्रदर्शन के आठवें दिन आज बुधवार को सरदारपुर एसडीएम चर्चा करने पहुंचे थे। उन्होंने धरना कब खत्म होगा इसको लेकर हमसे सवाल किया। हमने स्पष्ट किया हैं कि जब तक हमारी मांगे नही मानी जाएगी तब तक हमारा धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि 2 से 3 दिन में मांगे पूरी नही हुई तो चक्काजाम तथा आमरण अनशन करने की तैयारी करेंगे।

## पुलिस ने ड्रोन से की निगरानी शुरू

इंदौर. शहर के आउटर क्षेत्रों में लगातार हो रही चोरियों को रोकने के लिए पुलिस ने अब ड्रोन की मदद लेने का फैसला किया है। पुलिस ड्रोन के माध्यम से इन क्षेत्रों की निगरानी करेगी। पिछले कुछ महीनों में बाईपास और रिंग रोड की आउटर कॉलोनियों में चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं. लसूडिया पुलिस ने हाल ही में भोपाल के एक चोर गिरोह को पकड़कर लाखों के जेवरात और अन्य सामान बरामद किया था. आरोपियों ने चार से अधिक चोरी की वारदातों को कबूल किया है. अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेंद्र सिंह के अनुसार, लसूडिया, खजराना, विजयनगर और कनाडिया थाना क्षेत्रों में चोरियां अधिक हो रही हैं. पुलिस अब रात में सर्विस रोड पर चेकिंग कर रही है ताकि चोरों को पकड़ा जा सके. इसके अलावा, पुलिस स्थानीय लोगों से संपर्क कर उन्हें चौकीदार और कैमरे लगाने के लिए प्रेरित कर रही है. अमरेंद्र सिंह ने बताया कि ड्रोन के माध्यम से इन क्षेत्रों में लगातार निगरानी की जा रही है ताकि चोरियों को रोका जा सके और आरोपियों की पहचान की जा सके.

## रिवाल्वर सहित बाइक सवार गिरफ्तार

इंदौर. लसूडिया पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक बाइक सवार आरोपी को गिरफ्तार किया, जिसके पास से एक रिवाल्वर और कारतूस बरामद किए गए. पुलिस ने बताया कि बाइक सवार सुरेश पिता रमेशचंद्र चौहान, निवासी स्कीम नंबर 78 को पकड़ा और उसकी तलाशी के दौरान यह हथियार बरामद हुआ. आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है.

## खंडवा नाके पर ट्रक की टक्कर से दो घायल

इंदौर. खंडवा नाके पर एक सड़क दुर्घटना में दो मोटरसाइकिल सवार घायल हो गए. महेश पिता गेंदालाल परमार और दिनेश पिता नाथूलाल माली नामक दोनों युवक मोटरसाइकिल से जा रहे थे, तभी एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी. दुर्घटना में दोनों घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा. पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## तेजाजी नगर पुलिस ने हंगामा करने वाले पांच को किया गिरफ्तार

इंदौर. तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के नेता संत नगर में हंगामा करने वाले पांच व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया. आरोपियों में वीरेंद्र सिसोदिया, अशोक यादव, विनोद वर्मा सहित दो अन्य शामिल हैं. पुलिस के मुताबिक, ये सभी आरोपी आपस में झगड़ा कर शांति भंग कर रहे थे. मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है. पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है.

## पैसों के लेन-देन को लेकर युवक को चाकू मारा

इंदौर. अजय पिता प्रहलाद साहू को पैसे के लेन-देन को लेकर कमलेश मालवीय ने चाकू मार दिया और धमकी देकर मौके से फरार हो गया. पुलिस के मुताबिक, अजय और कमलेश के बीच पैसे के लेन-देन को लेकर विवाद हो रहा था, जिसके बाद कमलेश ने अजय पर चाकू से हमला किया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं.

## दहेज प्रताड़ना के दो मामले, आत्महत्या और प्रताड़ना पर केस दर्ज

इंदौर . सांवेर थाना क्षेत्र में एक नवविवाहिता द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने पति, सास और अन्य पर दहेज हत्या का केस दर्ज किया है . 26 वर्षीय मृतका कुमकुम जोगी, निवासी धर्मपुरी, ने मायके में फांसी लगाकर जान दे दी थी . मामले की जांच एसडीओपी प्रशांत सिंह द्वारा की गई . जांच में सामने आया कि कुमकुम को फ्रिज और एक लाख रुपए की मांग को लेकर पति शिवम जोगी, सास मोनिका और अन्य परिजनों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था . पुलिस ने सभी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है . इसी प्रकार एरोड्रम थाना क्षेत्र की निवासी 30 वर्षीय ज्योति रघुवंशी की शिकायत पर पति दिलीप रघुवंशी, सास अंजलि रघुवंशी, ससुर हरिश्चंद्र रघुवंशी सहित अन्य के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया गया है .

# महाकालपुरा हुई डकैती के आरोपियों को गिरफ्तार किया

**बाग. पुलिस को थाना बाग क्षेत्रान्तर्गत 01 महिने पूर्व ग्राम महाकालपुरा हुई डकैती के आरोपियों को गिरफ्तार करने में मिली महत्वपूर्ण सफलता। बाग पुलिस व्दारा डकैती में शामिल 04 आरोपियों को किया गिरफ्तार। बाग पुलिस को थाना बाग के ग्राम महाकालपुरा में डकैती के दौरान लूटे गये चाँदी के गहने, 25,000/- रुपये नगदी व एक तूफान गाडी कुल मश्रुका 10 लाख रुपये के जब्त करने में मिली महत्वपूर्ण सफलता। फरियादी का रिश्तेदार ही निकला डकैती करवाने वाला आरोपी। घर का भेदी लंका ढाए कहावत हुए सिद्ध फरियादी के परिवार का ही निकला अपने परिवार वाले के घर पर डकैती कराने वाला। बाग पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक धार मनोज कुमार सिंह व्दारा थाना बाग क्षेत्रान्तर्गत ग्राम महाकालपुर में फरियादी रमेश के घर पर हुई डकैती की घटना को गंभीरता से लेते हुए**





स्वयं घटना स्थल पहुँचकर घटना स्थल के आस-पास के लोगो, व फरियादी से स्वयं प्रत्यक्ष रुप से बातचीत की। साथ ही सूनसान रोड़ पर राहगीरो के साथ मारपीट कर लूट, डकैती करने वाले गिरोह को चिन्हित कर आरोपियो की शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धार गीतेश कुमार गर्ग के निर्देशन में एस. डी. ओ. पी. कुक्षी सुनील गुप्ता के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बाग निरीक्षक कैलाश चौहान व सायबर शाखा प्रभारी उनि प्रशांत गुंजाल को उचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था।

अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कुक्षी सुनिल गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बाग निरीक्षक कैलाश चौहान व्दारा विवेचना के दौरान अज्ञात आरोपियो की तलाश के दौरान मुखबीर सूचना पर से आरोपी सोहन पिता भदु बामनीया जाति भील उम्र 32 साल निवासी ग्राम बोरडाबरा को गिरफ्तार किया जिसे पुछताछ करते घटना दिनांक को शंकर चमार तथा राजु पिता केसरसिह सिसोदिया निवासी महाकालपुरा के बताये घर ग्राम महाकालपुरा में अपने अन्य साथी भडकसिह पिता रालु, जुगन पिता भुवानसिह डावर जाति भील निवासी ग्राम बडवी, भुवान पिता बालकिया मेहडा, रमेश पिता वेस्ता बामनीया, दिनिया उर्फ धिनिया पिता कमरू भूरिया, कालिया पिता मालसिंह मेहडा, कालिया पिता भुरू बामनीया, सुमल पिता भंगडा भूरिया, संतोष पिता सेकडा भूरिया, भिकिया पिता नरसिंह डावर निवासीगण ग्राम बोरडाबरा एवं सरदार पिता नुरसिंह मण्डलोई निवासी ग्राम पिपल्दा की तुफान गाडी को लेकर रात करीबन 11-12 बजे महाकालपुरा में स्थित एक मकान में डकैती (धाडा) डालने के लिये आये थे आरोपीयो को जिस घर में डकैती (धाडा) डालना था वह मकान राजु पिता केसरसिह सिसोदिया निवासी महाकालपुरा और शंकर चमार ने बताया था। लोग घर के अन्दर गये और घर में सोये एक व्यक्ति को पकड़ लिया और उसे थप्पड़ मुक्को से मारपीट करना वहाँ सोई दो औरते बीच बचाव करने आई तो उनके साथ भी मारपीट कर फालिये से दिवार में लगी एलसीडी में तोड़फोड़कर दुसरे कमरे में एक लडका और एक औरत सोये उस लडके के गले में फालिया अडा कर बिस्तर पेटी में रखे सोने चाँदी के गहने व नगदी रुपये तथा मकान के साईड वाले कमरे में बाहर बांधी तीन बकरा बकरी को लेकर भाग जाना तथा तीनो बकरा बकरीयो को मारकर खा जाना नगदी रुपये व सोने चाँदी के गहने आपस में बाट लेना और शंकर चमार और राजु पिता केसरसिह सिसोदिय को पद्रह पंद्रह हजार रुपये देना स्वीकार किया तथा मेरे दो साथी डही डकैती करने गये थे वहाँ पर पुलिस ने उनको पकड़ना बताया, आरोपी भडकसिह, पप्पु उर्फ कृष्णा जुगन के जिला जेल अलिराजपुर में निरुद्ध होने से माननीय न्यायालय कुक्षी से अनुमति प्राप्त कर पुलिस अभिरक्षा में लेकर आरोपीयो से लुट डकैती में लुटे गये चाँदी के गहने, 25,000/-रुपये नगदी व एक तुफान गाडी कुल मश्रुका 10 लाख रुपये की जप्त की गई। गिरफ्तार आरोपीयो को माननीय न्यायालय कुक्षी पेश किया जाएगा।

### गिरफ्तार आरोपियों के नाम :-

7 भडकसिह पिता रालु हटीला जाति भील उम्र 30 साल निवासी बौरडाबरा थाना गंधवानी 2. जुगन पिता भुवानसिह डावर जाति भील उम्र 26 साल निवासी ग्राम बड्वी थाना टाण्डा. सोहन पिता भदु बामनीया जाति भील उम्र 32 साल निवासी ग्राम बोरडाबरा बयडीपुरा थाना गंधवानी

4. पप्पु उर्फ कृष्णा पिता माँगीलाल उम्र 32 साल निवासी टाण्डा, 5. राजु पिता केसरसिह सिसोदिया जाति बलाई उम्र 32 साल निवासी महाकालपुरा, फरार आरोपियो के नाम, 1. रमेश पिता वेस्ता बामनीया निवासी बौरडाबरा, ,2. कालिया पिता मालसिंह मेहडा निवासी बौरडाबरा, 3. दिनिया उर्फ धिनिया पिता कमरू भूरिया निवासी बौरडाबरा, 4. भिकिया पिता नरसिंह डावर निवासीगण ग्राम बोरडाबरा, 5. भुवान पिता बालकिया मेहडा, निवासी बौर डाबरा, 6. कालिया पिता भुरू बामनीया, बौरडाबरा , 7. सुमल पिता भंगडा भूरिया निवासी बौरडाबरा , ,8. संतोष पिता सेकडा भूरिया निवासी बौरडाबरा, 9. सरदार पिता नुरसिंह मण्डलोई निवासी ग्राम पिपलदा, 10. शंकर पिता नामालुम निवासी कोटा, जप्त मश्रुका का विवरण, 1 चाँदी के जेवरात व 25,000/- रुपये, नगदी, 2 एक तूफान गाडी, कुल मश्रुका कीमती 10,00,000/- रुपये पुलिस उप महानिरीक्षक / पुलिस अधीक्षक धार मनोज कुमार सिंह व्दारा चोरी, लूट, डकैती करने वाले आरोपियों को सख्त चेतावानी दी गई हैं कि यदि उनके व्दारा अपराधों से दूरी नहीं बनाई गई तो उनके विरुध्द सख्त से सख्त उचित वैधानिक कार्यवाहियाँ की जावेगी।

सराहनीय कार्य- उक्त कार्यवाही में निरीक्षक कैलाश चौहान, उनि दिलीप खाण्डे, सउनि,कमलेश राठौड़िया, प्र. आर 830 भावसिह रावत, प्र. आर. 53 लोकेश शुक्ला, प्र.आर.932 सखाराम गोखले, प्र. आर. 588 कैलाश गेहलोत, प्र. आर. 545 रेलमसिह भिन्डे,प्र.आर.06 गजेन्द्र, प्र. आर. 544 कमलेश चौहान, आर. 891 शहादर चौंगड़, आर.1145 राजु, आर.528 सीताराम, आर. 567 लालसिह, आर.199 दुर्गेश, आर.441 कैलाश, आर. 1076 भुपेन्द्र, आर. 117 विक्रम, आर. 389 गजरात, आर. 81 राहुल, आर.405 मुकेश, तथा सायबर सेल की टीम प्रभारी उनि प्रशान्त गुंजाल, सउनि रामसिह गौड़, प्र.आर. विजय भाटी, आर. भानु, आर. प्रशान्त, आर. सर्वेश का विशेष योगदान रहा है।






# आठ बाइक सहित सोयाबीन जलकर हुआ राख

**राजगड** - कृषि उपज मंडी में लगी भीषण आग, 8 बाइक सहित सोयाबीन जलकर हुआ राख, क?ी मशक्कत से पाया आग पर काबू, आसपास के क्षेत्र में दहशत चारों तरफ अहंकार मचा था सरदारपुर राजगड. कृषि उपज मंडी प्रांगण में व्यापारियों के गोदाम में अचानक आग लग गई। आग लगने से गोदाम के अंदर रखी आठ बाइक भी जलकर खाक हो गई। व्यापारी के सोयाबीन के साथ ही बारदान भी जल गए। आग पर काबू पाने के लिए दो घंटे से अधिक समय तक मशक्कत करना प?ी।

गौरतलब है कि सुबह करीब सा? दस बजे राजेंद्र करनावद के मंडी प्रांगण स्थित टीन शेड के गोदाम में अचानक आग गई। हालांकि आग लगने के कारण अस्पष्ट है, लेकिन लोगों द्वारा अनुमान लगाया जा रहा है कि गोदाम के अंदर हम्मालों की बाइक रखी थी। जो गर्मी के दबाव के कारण बाइक की पेट्रोल टंकी में आग लगी हैं। सूचना मिलते ही मंडी प्रशासक एवं एसडीएम आशा परमार, थाना प्रभारी दीपकसिंह चौहान, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि महेश जायसवाल भी मौके पर पहुंचे। आग की सूचना मिलते ही व्यापारियों और हम्मालों ने ताब?तो? पानी की व्यवस्था एवं नगर परिषद के फायर बिग्रेड के माध्यम से दो घंटे की क?ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग बुझाने में तीन फायर बिग्रेड, तीन प्रायवेट टेंकर एवं नपं के पानी के टेंकरों का उपयोग किया गया। आग लगने की सूचना मिलते ही नगर परिषद उपाध्यक्ष दीपक जैन ने नगर परिषद की टीम के साथ मौके पर मोर्चा संभालते हुए आग बुझाने लग गए थे। बताया जा रहा है कि आगजनी से सा? तीन हजार बारदान, करीब 100 क्विंटल सोयाबीन एवं हम्मालों की आठ बाइक जली हैं। लाखों का नुकसान हुआ है मजदूरी करने वाले हिमालय की भी बाइक जली है जो अपने परिवार के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं.






# बंगाल में हिन्दुओं पर अत्याचार एवं पहलगाम में पर्यटकों की हत्या के विरोध में ज्ञापन

**धार .** नरेंद्र मोदी विचार मंच जिला धार द्वारा बुधवार को राष्टपति के नाम का ज्ञापन एसडीएम रोशनी पाटीदार को दिया ज्ञापन में लिखा गया कि वर्तमान में पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर अत्याचार उनकी हत्या बहन बेटियों के साथ दुर्व्यवहार एवं निर्दोष नागरिकों की हत्या एवं पलायन को रोकने के लिए राष्टपति शासन लगाने की मांग को लेकर और हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों को उनका धर्म पुछ कर उनकी निर्मम हत्या करने वाले आतंकवादियों व पाकिस्तान पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई।

इस अवसर पर मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश माहेश्वरी महाकौशल प्रांत सह प्रभारी राजा भाऊ भदाने जिला अध्यक्ष मुकेश निगम जिला महामंत्री प्रवीण टांक जिला उपाध्यक्ष नमन रावल नगर अध्यक्ष शैलेश बिजवा धार विधानसभा अध्यक्ष ताजूठेकेदार भगवानदास मालवीय कमल हरोड़ मुकेश सिसोदिया नारायण जोशी रुपेश बड़जाताया अशोक मुनिया राम बुंदेला अजय मौर्या अनुराग वोडाने सुनील कश्यप यशपाल नागर शैलेंद्र तिवारी गणेश राठौड़ मनीष दीपक वसुनिया तिलोक चौहान अंकित चौहान कालू शेखर चौहान विनय प्रजापत आदि उपस्थित है जानकारी जिला मीडिया प्रभारी हरीश आर्य व पारस जैन गंगवाल ने दी.

# नर्मदा पाइपलाइन वालों की जेसीबी में लगी भीषण आग

**सरदारपुर .** दसई के लोहरी, मैं पाइप लाइन गाडते, समय शाम को अचानकजेसीपी में लगी आग,कारण तार,मे, स्पार्क , होने से लगी भीषण आग जिसकी, का जंगल में आग लगने के कारण पानी की अव्यवस्था के कारण अआग पर काबू नहीं पाया मशीन जलकर र खाक हो गई पाइपलाइन ठेकेदार अरुण ने बताया कि मशीन पूरी तरह से खत्म हो चुकी है आग इतनी भयानक थी कि, पास में जाना भी नामुमकिन था आज को बुझाने के लिए कई व्यक्ति आय पर पानी की अव्यवस्था के कारण आग पर काबू नहीं पाया गया जिस मशीन जलकर खाक हो गई







# अंकित ब्रदर्स हरबोला ग्रुप द्वारा निमाड़ी लोकगीत व भजनों की प्रस्तुति

**कुक्षी।** बीएपीएस श्रीराम स्वामीनारायण मंदिर कापसी फाटा प्रांगण में श्री रामचरितमानस कथा के अंतिम एवं पांचवें दिन निमाड प्रदेश के हरबोला बन्धु जो पूरे भारत में प्रसिद्ध है श्री अंकित शर्मा एवं अंकित पाटीदार की टीम के द्वारा सुप्रसिद्ध निमाड़ी लोकगीत एवं भजनों की प्रस्तुति की गई ,इसमें विशेषत: निमाड़ प्रदेश में स्थित आध्यात्मिक गौरव के क्षेत्रो का लोकगीत के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। जैसे बड़वानी में 52 गजा, नांगलवाड़ी में भिलट देव मंदिर, महेश्वर में अहिल्या देवी स्मारक एवं खंडवा के धूनी वाले बाबा, ओंकारेश्वर के सियाराम बाबा इत्यादि आध्यात्मिक स्थलों एवं संतों का लोकगीत के माध्यम से प्रस्तुति दी गई ।

हरबोला बन्धु की विशिष्ट शैली के कारण श्रोता मंत्रमुग्ध हो अपने आप को नाचने से नहीं रोक पाए।

अंत में हमारे देश में घटीत कायराना आतंकवादी वारदात* जिसमें पहलगाम में अनेक पर्यटक शहिद हो गए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कविता के माध्यम से पाकिस्तान को चुनौती दी गई। एवं उपस्थित सभी हरिभक्तों ने उन्होंने 2 मिनट का मौन रखकर पर्यटकों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। संस्था के कोठारी संत दिव्य स्वरूप स्वामी एवं अमृतनिधि स्वामी के मार्गदर्शन में पांच दिवसीय श्री रामचरितमानस संगीतमय कथा का समापन हुआ ।इस मौके पर सभी सेवारत हरि भक्तों का सम्मान किया गया।

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला धार (म. प्र.)
क्रमांक :5922/रीडर-2/2025 धार, दिनांक 16/04/2025

विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स इंडियन ऑयल पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड तर्फे डीलर श्री रितेश पिता सुरेशचन्द्र खण्डेलवाल निवासी 44, पटेल मार्ग, धोर रोड़, मनावर, तहसील मनावर, जिला धार द्वारा भूमि ग्राम भरड़पुर तहसील मनावर जिला धार स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 49, 126/1/1/2/1 रकबा 0.1250 हैक्टेयर एवं 0.186 हैक्टेयर में से 900 वर्ग मीटर एवं अतिरिक्त भूमि 728.94 वर्गमीटर कुल क्षेत्रफल 1628.94 वर्ग मीटर व्यवसायिक प्रयोजन भूमि भूमिस्वामी सुरेशचन्द्र खण्डेलवाल पिता बलराम खण्डेलवाल निवासी 44, पटेल मार्ग, धार रोड़, मनावर तहसील मनावर जिला धार से रजिस्टर्ड ई-स्टाम्प क्रमांक 0101626032025000294 दि. 26.03.2025 द्वारा दि. 01.03.2025 से 31.01.2045 तक 19 वर्ष 11 माह हेतु लीज पर ली गई है जिस पर पेट्रोलियम रूल्स 2002 के अन्तर्गत MS 1x20 KL एवं HSD 2x20 KL भण्डारण हेतु नवीन रिटेल आउटलेट स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र चाहा गया है। जिसके संबंध में न्यायाल में कार्यवाही प्रचलित है।

अतः आवेदित प्रश्नाधीन भूमि/स्थल पर पेट्रोलियम रूल्स 2002 के अर्न्तगत अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किये जाने के संबंध में किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो न्यायालय जिला दण्डाधिकारी जिला धार में उक्त विज्ञप्ति के प्रकाशन दिनांक से एक माह के भीतर उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत किसी भी प्रकार की आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह विज्ञप्ति आज दिनांक 16.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी की गई है।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
वास्ते जिला दण्डाधिकारी
जिला धार (म. प्र.)